B.A.(with Credits)-Regular-Semester 2012 Sem III

# BA23B-3 - Hindi Literature हिन्दी साहित्य

P. Pages : 3 **GUG/W/16/2842**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य ।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी भी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'गबन' उपन्यास के आधार पर जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

आ) 'गबन' शीर्षक की सार्थकता उपन्यास के आधार पर स्पष्ट किजिए।

**2.** किसी एक ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

**समूह 'अ'**

क) लज्जा ने सदैव वीरों को परास्त किया है। जो काल से भी नहीं डरतें वे भी लज्जा के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं करते। आग मे झुक जाना, तलवार के सामने खड़े हो जाना, इनकी अपेक्षा कही सहज है। लाज की रक्षा ही के लिए बड़े-बड़े राज्य मिट गए है, रक्त की नदियाँ बह गयी है, प्राणो की होली खेल डाली गयी है। उसी लाज ने आज रमा के पग भी पीछे हटा दिए। शायद जेल की सजा से वह इतना भयभीत न होता''।

ख) ''वह लालसा जो सात वर्ष हुए उसके हृदय में अंकुरित हुई थी, जो इस समय पुष्प पल्लव से लदी थी, उस पर वज्रपात हो गया। आज ही के दिन पर तो उसकी समस्त आशाएँ अवलम्बित थी। दुर्देव ने आज वह अवलम्ब भी छीन लिया।

ग) यही मनसूबे मन में बॉधकर वह जालपा के पास गया था, जैसे कोई भक्त फूल और नैवेद्य लेकर देवता की उपासना करने जाए, पर देवता ने वरदान देने के बदले उसके थाल को ठुकरा दिया, उसके नैवेद्य को पैरों से कुचल डाला ! उसे कुछ कहने का अवसर ही न मिला। आज पुलिस के विषैले वातावरण से निकलकर उसने स्वच्छ वायु पायी थी और उसकी सुबुद्धि सचेत हो गयी थी। अब उसे अपनी पशुता अपने यथार्थ रुप में दिखायी दी-कितनी विकराल कितनी दानवी मूर्ति थी। वह स्वयं उसकी ओर ताकने का साहस न कर सकता था।

घ) मुआफ कीजिएगा, आप मरदों की तरफदारी कर रहे हैं। हक यह कि वहाँ आप लोग दिल बहलाव के लिए जाते है, महज गम गलत करने के लिए, महज आनन्द उठाने के लिए। जब आपको वफा की तलाश ही नहीं होती, तो वह मिले क्यों कर? लेकिन इतना मै जानती हूँ कि हममे जितनी बेकारियाँ होकर अपना आराम-चैन खो बैठती है, उनका पता अगर दुनिया को चले, तो आँखे खुल जाएँ। यह हमारी भूल है कि तमाशबीनो से वफा चाहते है चील के घोंसले में मॉस ढूँढ़ते है, पर प्यासा आदमी अन्धे कुँए की तरफ दौड़े, तो मेरे ख्याल में उसका कोई कसूर नहीं।

**अथवा**

**विभाग 'ब'**

च) हम क्षणिक मोह और संकोच में पड़कर अपने जीवन के सुख और शांता का कैसे होम कर देते है। अगर जालपा मोह के इस झोके में अपने को स्थिर रख सकती, अगर रमा संकोच के आगे सर न झुका देता, दोनो के हृदय में प्रेम का सच्चा प्रकाश होता तो वे पथभ्रष्ट होकर सर्वनाश की ओर न जाते।''

munotes.in

छ) गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया। जिन लोगों के भोजन का ठिकाना नहीं वे भी गहनो के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबो रुपये केवल सोना-चाँदी खरीदने में व्यय हो जाते है? संसार के किसी और देश में इन धातुओ की इतनी खपत नहीं। उन्नत देशो में धन व्यापार में लगता है जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन श्रृंगार में खर्च होता है, उसमें उन्नति और उपकार की जो दो महान शक्तियाँ है, उन दोनो का ही अन्त हो जाता है।

ज) हथकडियाँ! यह शब्द तीर की भॉति रमा की छाती में लगा। वह सिर से पॉव तक कॉप उठा। उस विपत्ति की कल्पना करके उसकी ऑखे डबडबा आयी। वह धीरे-धीरे सिर झुकाए, सजा पाए हुए कैदी की भॉति जाकर अपनी कुर्सी पर बैठ गया पर यह अंधकार रुपी भयंकर शब्द बीच-बीच में उसके हृदय में गूँज जाता था।

झ) रतन का रोआँ रोआँ कान बना हुआ था, मानो कोई कैदी अपनी किस्मत का फैसला सुनने को खड़ा हो। उसके हृदय की सारी ममता, ममता का सारा अनुराग अनुराग की सारी अधीरता, उत्कंठा और चेष्टा उसी हार पर केंन्द्रीत हो रही थी, मानो उसके प्राण उसी हार के दानों में जा छिपे थे, मानो उसके जन्म-जन्मान्तरो की संचित अभिलाषा उसी हार पर मॅडरा रही थी। जौहरी को सन्दूक बन्द करते देखकर वह जलविहिन मछली की भॉति तड़पने लगी।

3. **किसी एक** ही समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। 20

**समूह 'क'**

त) आदिकाल के नामकरण की तर्कसंगत विवेचना कीजिए।

थ) आदिकाल की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

द) संत गाडगेबाबा के स्वच्छता अभियान की प्रासंगिकता आज भी है। स्पष्ट किजिए।

ध) महादेवी वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।

**अथवा**

**समूह 'ख'**

प) आदिकाल का परिचय लिखिए।

फ) आदिकाल के प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखकर उनकी साहित्यिक कृतियो का नामोल्लेख किजिए।

ब) चंद्रधर शर्मा गुलेरी का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।

भ) कवि रविद्रनाथ टैगोर का साहित्यिक परिचय लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों मे से **किसी पाँच** प्रश्नो के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। 10

1) रमानाथ का परिचय दीजिए।

2) 'गबन' की घटना के दो प्रमुख कारण लिखिए।

3) गबन उपन्यास का उद्देश्य लिखिए।

4) गहने चोरी होनेपर जालपा की क्या दशा होती है?

munotes.in

5) माखनलाल चतुर्वेदी का परिचय लिखिए।

6) कवि विद्यापती की रचनाओं के नाम लिखिए।

7) रासों काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए।

8) कवि सच्चिदानंद हिरानंद वात्सायन अज्ञेय की रचनाओं के नाम लिखिए।

9) नाथ साहित्य प्रारम्भ कब हुआ?

10) जैन कवि स्वयंभू के चार प्रसिध्द ग्रंथो के नाम लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) उपन्यासकार प्रेमचंद का परिचय दीजिए।

2) आदिकाल के प्रमुख चार ग्रंथो के नाम लिखिए।

3) पृथ्वीराज रासो ग्रन्थ का परिचय लिखिए।

4) जैन कवियों के साहित्य का परिचय लिखिए।

5) देवीदीन का परिचय दीजिए।

*************

munotes.in

munotes.in